Seat No. : _______________

# FA-101(H)

**February-2025**

**B.Com., Sem.-I**

**DSC-C-111A : Financial Accounting-1**

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

1. (A) निर्देशानुसार कीजिए : **5**

(1) किसी कंपनी को अपने व्यापार के स्थान पर आग लगने के कारण ₹ 40,000 का नुकसान हुआ और बीमा कंपनी ने ₹ 20,500 का दावा स्वीकार किया । खातों में आग के कारण हुए नुकसान को किस प्रकार एवं किस सिद्धांत के अनुसार दर्ज किया जाएगा ?

(2) देनदार कुलदीप फर्म को किए गए राशि के भुगतान के लिए रसीद की माँग क्यों एवं किस सिद्धांत के अनुसार कर रहा है ?

(3) किसी व्यापारी ने बाजार में नए उत्पाद के लिए विज्ञापन पर ₹ 2,00,000 खर्च किए और उसे उसी वर्ष के लाभ एवं हानि खाते में उधार किया । क्या यह योग्य है ? बताइए, इसमें किस सिद्धांत का उल्लंघन हुआ ।

1. (B) रोकड़ बिक्री के लिए वाउचर की नमूना प्रति तैयार कीजिए । वाउचर को समझाइए, इससे उत्पन्न व्यवहार लिखिए एवं इसे खाते में किस प्रकार दर्ज किया जाएगा यह बताइए । **5**

**अथवा**

1. (A) (1) श्री राम, सीता फर्नीचर मार्ट के नाम से व्यापार करता है । दिए गए वाउचरों को समझाइए, इससे उत्पन्न व्यवहार लिखिए एवं बताइए कि उसे किस प्रकार खाते में दर्ज किया जाएगा । **5**

(प्रतिलिपि)

रसीद नं. : 424 दिनांक : 24/12/2024

**सीता फर्नीचर मार्ट**
**अयोध्या कॉम्पलेक्स**
**नवरंगपुरा, अहमदाबाद**

श्री निधि त्रिवेदी से 5% की नकद छूट देकर ₹ 2,720 की राशि के पूर्ण भुगतान के लिए बिल नं. 201 दिनांक 15/12/2024 के समक्ष ₹ 2,584 (दो हजार पाँच सौ चौरासी रुपये) नकद प्राप्त किए ।

₹ 2,584/- हस्ताक्षर

श्री राम

(2) जेठालाल, "गड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स" के नाम से व्यापार करता है । दिए गए वाउचर को समझाइए, इससे उत्पन्न व्यवहार लिखिए एवं बताइए उसे किस प्रकार खाते में दर्ज किया जाएगा ।

**जमा नोट**

रसीद नं. : 575 दिनांक : 27/12/2024

**गड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स**

**पाउडर गली, मुम्बई**

श्री बबीता जी, 2 नग मोबाइल खराब गुणवत्ता के होने के कारण आपके द्वारा वापस किए गए, प्राप्त हुए तथा आपके खाते में ₹ 55,000 (पचपन हजार रूपये) जमा किए गए ।

हस्ताक्षर

जेठालाल चंपकलाल

(3) क्रेडिट (जमा) नोट कब जारी किया जाता है ?

1. (B) व्यवहार की दोहरी असर की संकल्पना (डुअल एसपेक्ट कॉन्सेप्ट्) को सोदाहरण समझाइए । **5**

2. निम्न व्यवहारों से राधा की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ लिखिए एवं नकद खाते, खरीद खाते और विक्रय खाते में दर्ज कीजिए । इन खातों के शेष ज्ञात कीजिए एवं कच्ची तलपट में दर्शाइए । **10**

(1) राधा ने ₹ 5,00,000 नकद से व्यवसाय प्रारंभ किया ।

(2) विराज को ₹ 25,000 का नकद सामान बेचा ।

(3) दुकान का किराया ₹ 5,000 नकद भुगतान किया ।

(4) जयेन्द्र से ₹ 35,000 में चैक द्वारा लैपटॉप खरीदा ।

(5) दिपाली से 5% की व्यापारिक छूट पर ₹ 85,000 का नकद सामान खरीदा ।

(6) पुत्र रवि की कॉलेज फीस के ₹ 4,500 का भुगतान किया ।

(7) हर्षल को ₹ 5,000 का सामान 10% की व्यापारिक छूट पर उधार बेचा ।

(8) ₹ 1,500 की मूल कीमत का सामान मुफ्त में नमूने के रूप में वितरित किया ।

(9) दिपाली को ₹ 8,000 का खराब सामान वापिस किया ।

(10) लैपटॉप पर 10% के मूल्यह्रास की गणना कीजिए ।

**अथवा**

2. 31/03/2024 को गौरीशंकर के निम्न कच्चे चिट्ठे एवं समायोजनों से उसका व्यापार खाता, लाभ एवं हानि खाता तथा आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए : **10**

| विवरण | उधार शेष ₹ | जमा शेष ₹ |
|---|---|---|
| मशीनरी | 3,00,000 | – |
| विक्रय | | 2,00,000 |
| माल वापसी | – | 5,000 |
| खरीद | 55,000 | – |
| आवक भाड़ा | 2,000 | – |
| बीमा प्रीमियम | 10,000 | – |
| माल का रहतिया (स्टॉक) | 5,000 | – |
| जावक भाड़ा | 1,000 | – |
| वेतन एवं भत्ता | 7,000 | – |
| छूट | 1,500 | 500 |
| देनदार एवं लेनदार | 15,000 | 10,700 |
| बैंक शेष | 18,000 | – |
| पूँजी | – | 1,20,000 |
| चुकाना बाकी खर्च | – | 800 |
| सामान्य अनामत | – | 17,500 |
| 12% ऋण (दिनांक : 01/01/2024) | – | 60,000 |
| | **4,14,500** | **4,14,500** |

**समायोजन :**

(1) अंतिम रहतिया ₹ 10,000

(2) मशीनरी पर 10% मूल्यह्रास की गणना कीजिए ।

(3) बीमा प्रीमियम में पूर्व प्रदत्त ₹ 1,000 का बीमा प्रीमियम शामिल है ।

3. श्री मेहता के व्यापार की निम्न जानकारियों से कुल शुद्ध खरीद एवं कुल शुद्ध विक्रय ज्ञात कीजिए : **10**

| सम्पत्तियाँ एवं दायित्व | 1-4-2023 | 31-3-2024 |
|---|---|---|
| देय हुंडी | 40,000 | 12,500 |
| लेनदार | 1,52,500 | 1,80,000 |
| प्राप्य हुंडी | 26,000 | 92,500 |
| देनदार | 1,50,000 | 1,20,000 |

**वर्ष के दौरान व्यवहार :**

| | |
|---|---|
| देनदारों से मिली नकद | 2,00,000 |
| डूबत ऋण | 10,000 |
| नकद खरीद | 1,30,000 |
| देनदारों की ओर से भुगतान किया खर्च | 20,000 |
| देय हुंडी के लिए नकद भुगतान | 60,000 |
| लेनदारों को नकद भुगतान | 1,50,000 |
| देनदारों द्वारा वापस किया गया माल | 5,000 |
| प्राप्य हुंडी के विरुद्ध प्राप्त नकद | 18,500 |
| लेनदारों को वापस किया गया माल | 10,000 |
| देनदारों को दिया गया बट्टा | 2,000 |
| शुद्ध नकद विक्रय कुल विक्रय का 10% है । | |

**अथवा**

3. मि. शाह एकल प्रविष्टि प्रणाली पर अपनी पुस्तकें बनाते हैं । 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए उनकी पुस्तकों से प्राप्त निम्न सूचनाओं से वार्षिक हिसाब तैयार कीजिए : **10**

(1) वर्ष दौरान व्यवहार :

| विवरण | ₹ | विवरण | ₹ |
|---|---|---|---|
| मजदूरी भुगतान | 5,000 | नकद विक्रय | 30,000 |
| वेतन भुगतान | 15,000 | नकद खरीद | 5,000 |
| विभिन्न प्राप्तियाँ | 62,000 | नकद शेष (31-3-24) | 1,17,000 |
| नकद शेष (1-4-23) | 20,000 | उधार खरीद | 50,000 |
| उधार विक्रय | 1,25,000 | | |

(2) सम्पत्तियाँ एवं दायित्वों का विवरण :

| विवरण | 1-4-2023 | 31-3-2024 |
|---|---|---|
| स्टॉक | 30,000 | 50,000 |
| लेनदार | 50,000 | 70,000 |
| भवन | 2,00,000 | 2,50,000 |
| मशीन | 1,00,000 | 1,00,000 |
| देनदार | 1,00,000 | 1,20,000 |

पूँजी के आरंभिक शेष पर 5% ब्याज अनुमत है, विक्रय वापसी ₹ 10,000, खरीद वापसी ₹ 15,000, भवन पर ₹ 25,000 का एवं मशीन के अंतिम शेष पर 5% का मूल्यह्रास प्रदान कीजिए । अनुमत छूट ₹ 5,000, प्राप्त छूट ₹ 5,000 है । देनदारों पर 5% से डूबत ऋण अनामत बनाए रखनी है ।

4. 31 मार्च, 2024 को गुजरात एजुकेशन सोसाइटी का कच्चा चिट्ठा निम्न है । आय एवं व्यय खाता और आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए : **10**

**कच्चा चिट्ठा**

| विवरण | उधार ₹ | जमा ₹ |
|---|---|---|
| भवन | 1,00,000 | – |
| लाइब्रेरी पुस्तकें | 50,000 | – |
| निवेश एवं निवेश अनामत कोष | 50,000 | 22,000 |
| देनदार एवं लेनदार | 40,000 | 32,000 |
| प्रवेश फीस | – | 20,000 |
| प्राप्त सब्स्क्रिप्शन | – | 20,600 |
| प्राप्त किराया | – | 10,000 |
| वेतन | 10,000 | – |
| स्टेशनरी खर्च | 5,000 | – |
| विभिन्न खर्च | 3,000 | – |
| प्राइज़ ट्रस्ट फंड एवं प्राइज़ ट्रस्ट फंड निवेश | 13,000 | 15,000 |
| प्राइज़ ट्रस्ट फंड आय | – | 2,200 |
| पुरस्कार दिया | 6,200 | – |
| डोनेशन | – | 21,000 |
| निवेश पर ब्याज | – | 5,000 |
| पूँजी कोष | – | 1,32,200 |
| रोकड़ हस्ते | 2,800 | – |
| | **2,80,000** | **2,80,000** |

**अतिरिक्त सूचनाएँ :**

(1) निवेश पर कुल ब्याज ₹ 3,400

(2) पूर्व प्राप्त सब्स्क्रिप्शन ₹ 10,000 एवं प्राप्य सब्स्क्रिप्शन ₹ 2,500

(3) भवन पर 10% एवं लाइब्रेरी पुस्तकों पर 5% मूल्यह्रास प्रदान कीजिए ।

**अथवा**

4. (A) व्यापारिक एक गैर–व्यापारिक व्यवसायों के वार्षिक हिसाबों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । **5**

4. (B) कर्णावती क्लब की निम्न सूचनाओं से 31 मार्च, 2024 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्तियाँ एवं भुगतान खाता तैयार कीजिए : **5**

| | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|
| सब्स्क्रिप्शन प्राप्त (वर्तमान वर्ष) | 50,000 | फर्नीचर खरीद (उधार पर) | 15,000 |
| प्राप्त ब्याज | 5,000 | भवन खरीदा | 50,000 |
| खेल साधनों का विक्रय | 10,000 | डोनेशन प्राप्त किया | 2,000 |
| नकद शेष (31-3-2024) | 13,500 | सब्स्क्रिप्शन भुगतान किया | 6,000 |
| पस्ती का विक्रय | 500 | निवेश की खरीद | 13,000 |
| 10% ऋण लिया | 12,000 | वेतन भुगतान | 7,000 |
| मकान का मूल्यह्रास | 1,000 | प्राप्त सब्स्क्रिप्शन (पिछला वर्ष) | 8,000 |
| चालू वर्ष का चुकाना बाकी वेतन ₹ 600 है । | | | |

5. दिए गए विकल्पों से सही विकल्प चुनिए : (कोई **दस**) **10**

(1) एन्डॉवमेंट कोष की प्राप्त राशि है –

(A) पूँजी आय (B) आस्थगित राजस्व आय

(C) पूर्व प्राप्त आय (D) राजस्व आय

(2) एक पुराने बिलियर्ड टेबल को ₹ 13,300 में खरीदा गया एवं उसकी मरम्मत पर ₹ 770 तथा खेल कक्ष में लगाने पर ₹ 269 खर्च किया गया । बिलियर्ड टेबल का कौन सा मूल्य बैलेन्स शीट में दर्शाया जाएगा ?

(A) ₹ 14,339 दायित्व की ओर (B) ₹ 14,339 सम्पत्ति की ओर

(C) ₹ 14,070 दायित्व की ओर (D) ₹ 14,070 सम्पत्ति की ओर

(3) निम्न में से किसे गैर–व्यापारिक संस्था के रूप में नहीं जाना जाता है ?

(A) पी.एम. लिमिटेड (B) भागीदारी फर्म

(C) (A) और (B) दोनों (D) राम सेवा ट्रस्ट

(4) पूँजी पर ब्याज की गणना किस पूँजी पर की जाती है ?

(A) अंतिम पूँजी (B) अंतिम रहतिया

(C) आरंभिक रहतिया (D) आरंभिक पूँजी

(5) कब लेनदार खाते को उधार और देनदार खाते को जमा किया जाता है ?

(A) लेनदारों को पृष्ठांकित प्राप्य हुंडी अस्वीकृत होने पर

(B) लेनदारों को पृष्ठांकित प्राप्य हुंडी स्वीकृत होने पर

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(6) यदि मशीनरी का अंतिम शेष, आरंभिक शेष से कम है, तो इसका क्या अर्थ है ?

(A) मशीन की खरीद

(B) मशीन का विक्रय

(C) मशीन का फ्रॉड

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(7) अलग अस्तित्व सिद्धांत सुझाव देता है –

(A) खातों में स्वीकार किए गए दावों का प्रावधान करना

(B) अचल सम्पत्तियों को मूल्यह्रासित करना

(C) (A) और (B) दोनों

(D) बैलेन्स शीट में पूँजी को दायित्व के रूप में दर्शाना

(8) A = C + L _________ सिद्धांत पर आधारित है ।

(A) दूरदर्शिता

(B) मुद्रा मापन

(C) ना तो विकल्प (A) ना ही विकल्प (B)

(D) (A) और (B) दोनों

(9) लेखाशास्त्र है _________

(A) एक कला पर विज्ञान नहीं

(B) एक विज्ञान पर कला नहीं

(C) एक विज्ञान एवं एक कला भी

(D) ना तो विज्ञान ना ही कला

(10) कौन सा व्यवहार लेनदार–देनदार संबंध स्थापित करता है ?

(A) नकद व्यवहार

(B) उधार व्यवहार

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(11) आपूर्तिकर्ता अपने ग्राहकों को कब क्रेडिट नोट भेजता है ?

(A) जब वह उधार पर बेचे गए माल को प्राप्त करता है ।

(B) जब वह उधार खरीदे गए माल को वापस करता है ।

(C) जब माल का नकद विक्रय करता है ।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

(12) _________ का अर्थ है जमा शेष ।

(A) रोकड़ बही के अनुसार बैंक शेष

(B) रोकड़ बही के अनुसार बैंक अधिविकर्ष

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

___________